समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 18 August 2026

# नोहर (हनुमानगढ़) मे शंहीद क्रांतिकारी हेमू कलानी चौक का भव्य उद्घाटन, राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी रहे मुख्य अतिथि।

Publisher
Published on 02 Jun 2025




## माँ दुर्गा सेवा समिति के सौजन्य से हुआ ऐतिहासिक कार्यक्रम, मूर्ति स्थापना के साथ सिंधी समाज ने दी श्रद्धांजलि।

सवांदाता,नोहर,

हनुमानगढ़,राजस्थान

**नोहर, हनुमानगढ़ :** राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले की नोहर तहसील में **माँ दुर्गा सेवा समिति** द्वारा निर्मित **शहीद क्रांतिकारी हेमू कलानी चौक** का उद्घाटन एवं मूर्ति स्थापना समारोह **भव्य रूप से संपन्न** हुआ। इस गौरवशाली अवसर पर **राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष माननीय वासुदेव देवनानी** जी बतौर **मुख्य अतिथि उपस्थित** रहे।

इस समारोह में सिंधी समाज के अनेक गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में आमजन की सहभागिता देखने को मिली।

इन **गणमान्य अतिथियों ने दी उपस्थिति**:

१. **श्रीमती हाजन खातून टाक** – पालिकाध्यक्ष, नोहर
२. **श्री अभिषेक मटोरिया** – पूर्व विधायक
३. **श्री कैलाश मेघवाल** – भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष
४. **श्रीमती मेहरुनीशा टाक** – पूर्व राज्य मंत्री
५. **श्री प्रमोद डेलू** – भाजपा जिलाध्यक्ष

६. **श्री काशीराम गोदारा** – भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष
७. **श्री राजेन्द्र सिहाग** – चेयरमैन, भूमि विकास बैंक
८. **श्रीमती पूनम हिसारिया** – जिला महामंत्री, महिला मोर्चा
सभी अतिथियों ने **शहीद हेमू कलानी** जी के बलिदान को याद करते हुए सिंधी समाज की देशभक्ति भावना को सराहा।

### मूर्ति स्थापना और चौक का महत्व

**शहीद हेमू कलानी** भारत के स्वतंत्रता संग्राम के सबसे युवा क्रांतिकारियों में से एक थे, जिन्होंने मात्र 19 वर्ष की आयु में **फांसी के फंदे** को चूमा। नोहर में स्थापित यह चौक उनकी स्मृति को चिरस्थायी बनाने का प्रयास है। माँ दुर्गा सेवा समिति ने समाज को एक प्रेरणादायक स्मारक भेंट किया है।

### भविष्य की योजनाएं और समाज का संदेश

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि यह स्मारक **युवाओं को प्रेरणा देने का माध्यम** बनेगा और आने वाली पीढ़ियाँ हेमू कलानी जैसे बलिदानियों के इतिहास को जान सकेंगी।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.